ई–मेल

प्रेषक,

सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद,
रामनगर (नैनीताल)।

सेवा में,

समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी,
उत्तराखण्ड।

पत्रांकः– उ0वि0शि0प0 / सिस्टम सेल / डा0प्रो0 / 1709-1820 / 2024-25 दिनांक 07 जनवरी, 2025

विषयः– हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2025 की नामावली ई–पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने तथा हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों के प्रयोगात्मक, आन्तरिक मूल्यांकन एवं प्रोजेक्ट वाले विषयों के प्राप्तांकों का संग्रहण ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपको अवगत कराना है कि हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2025 की नामावली ई–पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी। हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों के प्रयोगात्मक, आन्तरिक मूल्यांकन एवं प्रोजेक्ट के प्राप्तांकों का संग्रहण ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किये जाने हैं।

विद्यालयों हेतु हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की अनुक्रमांकवार नामावली डाउनलोड करने के लिये नामावली पोर्टल दिनांक 08 जनवरी, 2025 प्रातः 10:00 बजे से उपलब्ध होगा। विद्यालय www.ubse.uk.gov.in के Board Examination Icone पर http://ubse.co.in पर क्लिक कर विद्यालय यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड के माध्यम से लॉगइन कर इसे डाउनलोड कर सकेंगे। विद्यालय की यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड पूर्ववत् रहेगा।

2- **हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की प्रयोगात्मक, आन्तरिक मूल्यांकन एवं प्रोजेक्ट की परीक्षाएं दिनांक 16 जनवरी, 2025 से 15 फरवरी, 2025 के मध्य सम्पादित की जानी है।** हाईस्कूल परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों के प्रयोगात्मक, आन्तरिक मूल्यांकन एवं प्रोजेक्ट में प्राप्तांकों का संग्रहण ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा। इण्टरमीडिएट के प्रयोगात्मक (आन्तरिक 50 प्रतिशत), आन्तरिक मूल्यांकन एवं प्रोजेक्ट के प्राप्तांकों के ऑनलाइन संग्रहण भी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा।

ऑनलाइन प्राप्तांकों के संग्रहण हेतु प्रयोगात्मक, आन्तरिक मूल्यांकन एवं प्रोजेक्ट के ओ0एम0आर0, सी0सी0–16, आई0बी0–88 ऑनलाइन पोर्टल पर विद्यालयों को उपलब्ध कराया जा रहा है। इस हेतु पोर्टल दिनांक 16 जनवरी, 2025 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 18 फरवरी, 2025 के मध्य रात्रि तक खुला रहेगा।

3- विद्यालय किसी भी प्रकार की पृच्छा के लिए पोर्टल के मुख्य पेज में प्रदर्शित किये जा रहे Whatsapp No. केवल Message के माध्यम से सम्पर्क कर सकेंगे।

07/01/2025

4- ऑनलाइन सम्बन्धी किसी भी प्रकार की पृच्छा हेतु उक्तवत् Whatsapp No. के अतिरिक्त निम्नवत् मोबाइल नम्बरों पर भी कार्यालय समय में (प्रातः 10:00 बजे से सांय 05:00 बजे के मध्य) सम्पर्क किया जा सकता है–

1- श्री बी0एम0एस0 रावत, अपर सचिव – 8755617431
2- श्री श्याम सिंह बिष्ट, संयुक्त सचिव – 9410341484
3- श्री एन0के0 जोशी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी – 9456321422
4- श्री इन्दु प्रकाश नेगी, प्रशासनिक अधिकारी – 9411593131

उक्त के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि ऑनलाइन पोर्टल को सफलता पूर्वक एवं समयान्तर्गत संचालित करने के लिए प्रधानाचार्यों को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करेंगें।

भवदीय

7/01/2025

(विनोद प्रसाद सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

पृ0सं0ः उ0वि0शि0प0 / सिस्टम सेल / डा0प्रो0 / 1709-1820 /2024-25 दिनांक उक्तवत्।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1- महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
2- निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
3- अपर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, कुमाऊँ / गढ़वाल मण्डल उत्तराखण्ड।
4- समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि अपने विकास खण्ड में स्थित विद्यालयों को समयान्तर्गत प्रयोगात्मक परीक्षाएं सम्पन्न कराने एवं उक्तवत् प्राप्तांकों को समयान्तर्गत ऑनलाइन अपलोड करने के लिये निर्देशित करना सुनिश्चित करें।
5- समस्त प्रधानाचार्य / प्रधानाध्यापक (शासकीय / अशासकीय / मान्यता प्राप्त) द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी।

7/01/2025

(विनोद प्रसाद सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।